दिनांकः 22.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम ''मन की बात'' में आज सुबह 11 बजे अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में कहा–सरकार जवाबदेही के साथ आगे बढ़ रही है–संकल्प पत्र के 73 प्रतिशत वादे पूरे किये।
- प्रदेश में सिंगल विंडो सिस्टम के साथ राजस्थान होम स्टे योजना 2026 लागू।
- भारतीय वायु सेना की ओर से आज जयपुर में एयर शो का आयोजन–सूर्यकिरण और सारंग टीमें अपने हवाई कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 131वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय–सेवातीर्थ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। मन की बात कार्यक्रम पर प्रस्तुत है समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी की रिपोर्ट –

--------------

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में **'इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड'** की आधारशिला रखी। यह, जेवर स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में एचसीएल–फॉक्सकॉन की संयुक्त विनिर्माण इकाई है। इस मौके पर श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को संबोधित किया। उन्होंने इस इकाई की स्थापना को तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भारत सेमीकंडक्टर ईको सिस्टम का प्रमुख केंद्र बनेगा।

---------------

प्रधानमंत्री आज उत्तर प्रदेश दौरे पर रहेंगे। वे मेरठ मेट्रो और नमो भारत ट्रेन को झंडी दिखाकार रवाना करेंगे। इसके बाद श्री मोदी लगभग 12 हजार 930 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल विधानसभा में अपनी सरकार के दो साल के कामों का लेखा–जोखा बताया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने संकल्प पत्र के 73 प्रतिशत वादे पूरे किये हैं, जबकि पूर्ववर्ती सरकार की 53 प्रतिशत बजट घोषणाएं अधूरी रहीं। श्री शर्मा ने कहा कि 90 प्रतिशत बजट घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी हो गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीतिगत विकास और योजनाओं को जमीन पर उतारा है और जवाबदेही के साथ आगे बढ़ रही है।

----------------

विधानसभा में सरकार के दो साल के कार्यकाल पर हुई चर्चा के दौरान गतिरोध के कारण सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित हुई। कांग्रेस की ओर से सत्तापक्ष पर कई आरोप लगाये गेय। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मीडिया से बातचीत में सरकार पर सदन में भ्रामक आंकड़े पेश करने का आरोप लगाया।

---------------

000

प्रदेश में राजस्थान होम स्टे योजना 2026 लागू की गई है। ग्रामीण पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने ये कदम उठाया है। पर्यटन विभाग ने 'ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' और 'ईज़ ऑफ लिविंग' के तहत योजना के प्रावधानों को सरल करते हुए इसकी घोषणा की है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अब होम स्टे शुरू करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम शुरू किया गया है, जिससे कई तरह की अनुमति के लिए विभागों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि 8 कमरों और 24 बैड्स की सीमा के साथ मकान मालिक आसानी से होम स्टे इकाई शुरू कर सकेंगे। इससे छोटे निवेशकों और ग्रामीण परिवारों को आय बढ़ाने का मौका मिलेगा। नये मापदंडों के तहत होम स्टे इकाई का संचालन लीज़धारक और भवन पर नियुक्त केयर टेकर भी कर सकेंगे।

000

भारतीय वायु सेना की ओर से आज जयपुर के जलमहल पर एयर शो का आयोजन होगा। इसमें सूर्यकिरण एरोबैटिक टीम और सारंग हैलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम अपने हवाई कौशल का प्रदर्शन करेगी। इस दौरान तेजस, डबल कॉर्क स्क्रू और तिरंगा सहित कई तरह की आकर्षक फार्मेशन बनाई जाएंगी। वायु सेना की ये टीम पेशेवर दक्षता, अनुशासन और उत्कृष्ट समन्वय के साथ रोमांचक कलाबाजियों के लिए जानी जाती है। एयर शो का उद्देश्य दर्शकों का मनोरंजन करना ही नहीं बल्कि युवाओं को वायु सेना में आने के लिए प्रेरित करना भी है। शो को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के विशेष इंतजाम किये गये हैं।

उधर, बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना का खड़ग शक्ति 2026 युद्धाभ्यास कल से शुरू हो रहा है। रक्षा जनसम्पर्क अधिकारी कर्नल निखिल धवन ने बताया कि ये अभ्यास सेना की पश्चिमी कमान की ओर से होगा। इसमें खड़गा कोर आधुनिक युद्ध प्रणालियों, सटीक मारक क्षमता और संयुक्त ऑपरेशनल समन्वय का प्रदर्शन करेगी।

000

जयपुर में विश्व विरासत—राजस्थान प्रदर्शनी लगाई जा रही है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जवाहर कला केंद्र में लगाई गई इस प्रदर्शनी का आज उद्घाटन करेंगे। इसके माध्यम से राजस्थान के प्रसिद्ध किलों, धरोहरों, वास्तुकला और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में राजस्थान की लोक परम्परा से जुड़ी विभूतियों को भी स्थान दिया गया है। इनमें मीरा बाई, रानी पद्मिनी, महाराणा प्रताप और राणा कुंभा सहित अन्य हस्तियों का विवरण शामिल है। प्रदर्शनी के माध्यम से नई पीढ़ी को ऐतिहासिक विरासत से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

000

आईसीसी टी—20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमने—सामने होंगी। सुपर एट चरण का ये मुकाबला शाम 7 बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारतीय टीम अब तक अपने सभी चारों मैच जीतकर ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है। इस बीच, कल कोलंबो में सुपर एट का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। यह मैच न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होना था, जिसमें दोनों टीमों ने एक—एक अंक साझा किए।

000